उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोटर्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

फोन न० 0135–2669658 फैक्स न0 0135–2672902

पत्रांकः–परीक्षा/269 /2022–23 दिनांकः 07 फरवरी, 2023

विज्ञप्ति/अधिसूचना

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सहायक अध्यापक एल0टी0 हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान, सामान्य, कला, व्यायाम, गृहविज्ञान, वाणिज्य, संगीत, उर्दू, पंजाबी, बंगाली विषय की दिनांक 08–08–2021 को लिखित परीक्षा आयोजित की गई। उक्त लिखित परीक्षा के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति दिनांक 31 दिसम्बर, 2021 के द्वारा उपरोक्त विषयों में चयनित अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची की गई। जारी श्रेष्ठता सूची के आधार पर आयोग की विज्ञप्ति संख्या–253 दिनांक 17–01–2023 के द्वार एल0टी0 विज्ञान, व्यायाम, अंग्रेजी, सामान्य, हिन्दी एवं गणित विषय में दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थियों की अभिलेख सत्यापन हेतु पुर्नरीक्षित औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गई।

सूच्य है व्यायाम विषय की जारी श्रेष्ठता सूची के क्रम में दिव्यांग अभ्यर्थी श्री मदन सिंह नेगी द्वारा दिनांक 17–01–2023 को प्रत्यावेदन एवं दिव्यांगता प्रमाण आयोग कार्यालय को प्रस्तुत किया गया। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत दिव्यांगता प्रमाण पत्र का चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से प्रमाण पत्र का सत्यापन के आधार पर एल0टी0 व्यायाम विषय में दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थी के अभिलेख सत्यापन हेतु औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची प्रकाशित की जा रही है, जिसके अनुसार चयनित अभ्यर्थी का अभिलेख सत्यापन **दिनांक 09–02–2023** को आयोग कार्यालय में किया जायेगा। उपरोक्त के क्रम में एल0टी0 व्यायाम विषय में पूर्व में चयनित अभ्यर्थियों का उक्त श्रेष्ठता सूची जारी होने पर सम्बन्धित का चयन प्रभावित होने की पूर्ण सम्भावना है।

अतः एल0टी0 व्यायाम विषय में चयनित अभ्यर्थी को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थी अपने समस्त वांछित मूल अभिलेखों सहित, जो अभ्यर्थी के द्वारा सम्बन्धित पद हेतु जारी विज्ञप्ति के अनुरूप निर्धारित शैक्षिक योग्यता/व्यावसायिक व अन्य प्रमाण पत्र, आवेदन पत्र में अंकित किए गये, की स्वप्रमाणित दो–दो प्रतियाँ (अलग–अलग) व 06 पास पोर्ट आकार की फोटोग्राफ के साथ **दिनांक 09–02–2023 को प्रातः 09:30 बजे आयोग कार्यालय** में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ध्यान दें कि आयोग की वेबसाइट पर **संवाद संख्या–79 के साथ अभिलेख सत्यापन हेतु निर्धारित प्रारूप** संलग्न है। कृपया उक्त प्रारूप को डाउनलोड कर उसके अनुरूप समस्त संलग्नकों का विवरण तैयार कर निर्धारित तिथि को यथा समय आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे।

सचिव
उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
देहरादून।

UTTARAKHAND SUBORDINATE SERVICE SELECTION COMMISSION

PROVISIONAL MERIT LIST FOR DOCUMENT VERIFICATION

पद नाम–सहायक अध्यापक (एल0टी0) 60 प्रतिशत सीधी भर्ती (सामान्य शाखा)

विषय–व्यायाम

S.No.	Roll No.	Name/Father's Name	Gender	Cate.	Sub Cate.	Exam Marks	Gen Rank	Select As
		PH MERIT LIST						
1	2101100002	MADAN SINGH NEGI S/O BHAWAN SINGH	MALE	GEN	PD	51.50	617	PH-PD

यह श्रेष्ठता सूची पूर्णतः औपबन्धिक है। श्रेष्ठता सूची की सामान्य रैंक उत्तराखण्ड (उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह "ग" के पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया नियमावली, 2008 व उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–220/XXX(4)/2017–03(10)/2017 दिनांक 19 जुलाई, 2017 एवं उत्तराखण्ड लोक सेवाओं में शारीरिक रूप से दिव्यांगजन के लिए आरक्षण हेतु समाज कल्याण विभाग उत्तराखण्ड शासन द्वारा जारी संगत शासनादेशों में पदों के सापेक्ष चिन्हित् श्रेणियों के आधार पर तैयार की गई हैं। अभिलेख सत्यापन आयोग द्वारा जारी विज्ञप्ति में निर्धारित अर्हता तथा अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं व उसकी पुष्टि के आधार पर स्वीकार किया जायेगा। अभिलेख सत्यापन की पूर्ण सन्तुष्टि के उपरान्त ही अभ्यर्थी की नियुक्ति की सम्बन्धित विभाग हेतु संस्तुति की जायेगी। इस सम्बन्ध में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

7/2/2023

परीक्षा नियंत्रक

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

देहरादून